उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,

लखनऊ – 226010

संख्या-30 /02/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023/06-परीक्षा/2022

लखनऊः दिनांक- 03 मार्च, 2023

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2022, वन दरोगा मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/06 के अंतर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन एवं वन्यजीव विभाग, उ0प्र0 के नियंत्रणाधीन वन दरोगा के विज्ञापित 701 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2021 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम/नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर वन दरोगा के विज्ञापित कुल 701 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार 19227 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 03-03-2023 द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अनुमोदित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों की सूची में सम्मिलित, जांच के अधीन (Under Investigation-UI) एवं औपबंधिक श्रेणियों के अभ्यर्थी जाँच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के दृष्टिगत उक्त मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित होंगे।

सूच्य है कि दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले 27 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा हेतु चिन्हित उक्त 19227 अभ्यर्थियों में मेरिट के क्रम में चिन्हित हुए हैं, जबकि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत दिव्यांगजन श्रेणी हेतु पद चिन्हित नहीं हैं। अतः दिव्यांगजन श्रेणी में आवेदन करने वाले एवं मेरिट क्रम में चिन्हित उक्त 27 अभ्यर्थियों का परिणाम मानकों के अनुरूप स्वस्थता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने एवं अधियाचनकर्ता विभाग के निर्णय के अधीन होगा।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु अर्हता सम्बन्धी परिणाम आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage के अंतर्गत Result Segment पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं। मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु देय ऑनलाइन शुल्क के विषय में वेबसाइट के माध्यम से पृथक से सूचित किया जाएगा।

प्रश्नगत विज्ञापन से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2022 के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-807/गोपन/01/02/2023, दिनांक 03-03-2023 द्वारा संसूचित उक्त चयन परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है।

संलग्नक-यथोपरि।

03/03/2023

(अवनीश सक्सेना)

सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।

संख्याः– 807/गोपन/01/02/2023
लखनऊः दिनांक 03 मार्च, 2023

आयोग के विज्ञापन संख्या–06–परीक्षा/2022, वन दरोगा मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021)/06 के अंतर्गत विज्ञापित कुल 701 पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

लम्बवत आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक (PET–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	अनारक्षित	75.69
2	अनुसूचित जाति	70.00
3	अनुसूचित जनजाति	48.45
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	75.69
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS)	75.69

क्षैतिज आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक (PET–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	64.14
2	सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक	07.59
3	उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु	73.28
4	महिला	72.22
5	दिव्यांगजन	कोई पद चिन्हित नहीं।

03/03/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।